कार्यालय
प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय
हण्डिया, प्रयागराज,

संख्या– / 2025–26 दिनांक– 28.10.2025

कार्यालय ज्ञाप

महानिदेशक आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या– 351– / 18ए–688 / 25(डी0जी0ए0 आयुर्वेद) अधि0 दिनांक– 27.10.2025 के द्वारा निर्देश निर्गत किये गयें है कि महानिदेशक महोदया, द्वारा दिनांक– 27.10.2025 को आधार बेस बायोमैट्रिक अटेन्डेस सिस्टम (AEBAS) पोर्टल के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपस्थिति की समीक्षा की गयी । जिसमें आयुर्वेद सेवा संवर्ग के अन्तर्गत 1796 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गयें है। जिस पर महानिदेशक महोदया, द्वारा खेद व्यक्त करतें हुए पोर्टल पर अनुपस्थित प्रदर्शित हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उक्त दिवस का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकते हुए, पोर्टल पर नियमित रूप से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने के उपरांत ही सम्बन्धित कोषागार से उक्त दिवस का वेतन आहरित किया जाय, अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

उक्त के कम में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय हण्डिया प्रयागराज में कार्यरत समस्त शिक्षकों, चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे प्रतिदिन नियमित रूप से आधार बेस बायोमैट्रिक अटेन्डेस सिस्टम (AEBAS) पोर्टल के माध्यम से अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें। समस्त प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान के पूर्व अपना आवेदन पत्र आनलाईन मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड पर सन्दर्भ संख्या अंकित कर अपने कार्यो के सम्पादन हेतु अपने सहकर्मी अवगत कराते हुए अधोहस्ताक्षरी से स्वीकृति के उपरांत ही अवकाश उपभोग हेंतु प्रस्थान करेगें। बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का वेतन उक्त निर्देश के अनुपालन में अवरूद्ध कर दिया जायेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित कार्मिक का होगा।

उक्त आदेश उच्चाधिकारियों के कड़े निर्देश के अनुपालन में निर्गत किया जा रहा है। अतः आदेश का कडाई अनुपालन सुनिश्चत किया जाय।

(प्रो0 केदार नाथ)
प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक
श्री ला0 ब0 शा0 स्मा0 राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
हण्डिया-प्रयागराज

संख्या– 1228-II/ 2025–26 दिनांक– 28.10.2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेंतु प्रेषित।

1– निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उ0 प्र0 लखनऊ, को महानिदेशक महोदया, के उक्त सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में संज्ञानार्थ।

2– समस्त विभागाध्यक्ष / चिकित्सालय प्रभारी राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय हण्डिया प्रयागराज को इस निर्देश के साथ के वे सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करावें।

3– समस्त शिक्षक / चिकित्साधिकारी / कर्मचारी राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय हण्डिया प्रयागराज को अनुपालनार्थ।

4– कार्यालय रिकार्ड।

(प्रो0 केदार नाथ)